भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3090

जिसका उत्तर 04.08.2022 को दिया जाना है

भारत-नई कार आकलन कार्यक्रम

3090. श्री पल्लब लोचन दासः

श्री एस. रामलिंगमः

श्री प्रदान बरुवाः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रस्तावित भारत-नई कार आकलन कार्यक्रम की शुरुआत से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में घरेलू वाहनों के निर्यात में सहायता मिलेगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रस्तावित कार्यक्रम से क्या लाभ मिलने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मसौदा सा.का.नि. 472(अ) दिनांक 24 जून 2022 जारी किया है, जिसके तहत भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (बीएनसीएपी) के संबंध में सीएमवीआर (केंद्रीय मोटर यान नियम), 1989 में एक नया नियम 126ई सम्मिलित करने का प्रस्ताव किया गया है। यह मोटर वाहन उद्योग मानक (एआईएस)-197 के अनुसार देश में निर्मित या आयातित 3.5 टन से कम सकल वाहन वजन के साथ श्रेणी एम 1 [यात्रियों के आवागमन के लिए उपयोग किए जाने वाले मोटर वाहन, जिसमें चालक की सीट के अलावा आठ से अधिक सीटें शामिल नहीं होती हैं] के प्रकार स्वीकृत मोटर वाहनों पर लागू होता है। ।

यह मानक वैश्विक बेंचमार्क के साथ संरेखित है। उक्त विनियमन घरेलू निर्माताओं को वैश्विक तकनीकी मानकों को पूरा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में घरेलू वाहनों के निर्यात का मार्ग प्रशस्त होगा।

(ग) भारत एनसीएपी रेटिंग मोटर वाहनों को स्टार रेटिंग प्रदान करती है, जो उपभोक्ताओं को (i) व्यस्क सवारी सुरक्षा (एओपी) (ii) बालक सवारी सुरक्षा (सीओपी) और (iii) सुरक्षा सहायक प्रौद्योगिकी (एसएटी) क्षेत्रों में मोटर वाहनों में बैठने वालों को दी जाने वाली सुरक्षा के स्तर का मूल्यांकन करने में सक्षम

बनाएगा । वाहन को एआईएस 197 के अनुसार किए गए विभिन्न परीक्षणों में प्राप्त अंकों के आधार पर एक से पांच स्टार तक स्टार रेटिंग दी जाएगी।

यह यात्री कारों की सुरक्षा रेटिंग की अवधारणा पेश करता है और उपभोक्ताओं को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाता है। इससे इन वाहनों में घरेलू ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त यह कार्यक्रम निर्माताओं को उच्च रेटिंग अर्जित करने के लिए उन्नत सुरक्षा प्रौद्योगिकियां प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

*****